हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

04 पर्यावरण जागरूकता व जैविक खेती पर...



07 चंदेरी है पौराणिक व महाभारत कालीन नगरी, पवित्र नगर...





## समाचार संक्षेप

### सांदीपनि शासकीय उमावि चाचौड़ा में कॅरियर मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

चाचौड़ा। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 16 जनवरी 2026 को सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चाचौड़ा में करियर मेला, करियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को विशेष भव्यता प्राप्त हुई। कार्यक्रम स्थल पर स्वागत द्वार, मंच एवं बैठक हॉल का आकर्षक डेकोरेशन और प्रिंटिंग साज-सज्जा सभी के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन, ईश वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ।दीप प्रज्वलन प्रदुमन मीना (मंडल अध्यक्ष), श्री कृष्ण सोनी एवं प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना द्वारा किया गया। स्वागत गीत संगीत शिक्षक सुश्री कविता जैन एवं संस्था के विद्यार्थियों द्वारा तथा ईश वंदना राजेंद्र जैन द्वारा प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों का संस्था की ओर से पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात सत्र 2025–26 के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों—सीसीएलई, यूएचवी, उमंग, सृजन कार्यक्रम, बाल दिवस एवं 'जादू नहीं विज्ञान है'—में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले लगभग 250 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही विद्यालय में अतिरिक्त एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों राजेंद्र जैन, शमहेंद्र शर्मा, विष्णु साहू, अंकित सेन एवं अलका नागर को भी सम्मानित किया गया। जिले एवं राज्य स्तर पर विद्यार्थियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन में खेल शिक्षक मनोज शोपरा के विशेष योगदान की भी सराहना की गई।कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु करियर गाइडेंस व्याख्यान प्रदान किए गए। व्याख्यान देने वाले विषय विशेषज्ञों में श्री कृष्ण सोनी, डॉ. सोनिया गौतम, सुषमा मौर्य, महेंद्र शर्मा, विष्णु साहू, अंजू शाक्य एवं अंकित भार्गव शामिल रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन गिरिराज सिंह लोधा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। समापन अवसर पर सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया तथा प्राचार्य श्री कृष्ण गोपाल मीना ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।



### बिना अनुमति अवैध भंडारण व विक्रय पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के विरुद्ध विशेष मुहिम जारी है। इसी क्रम में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज अमले द्वारा मकसूदनगढ़ क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली बिना नंबर सीरियल नंबर NDBB02896HD द्वारा बिना अनुमति के एम सैंड का अवैध भण्डारण एवं विक्रय करते पाये जाने पर जब्त कर थाना-जामनेर की अभिरक्षा में रखा गया। वाहन मालिक के खिलाफ खनिज, परिवहन व भण्डारण नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। उक्त कार्यवाही में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव, सैनिक राजीव रघुवंशी, सैनिक हाकिम सिंह रघुवंशी एवं सैनिक रघुनंदन रघुवंशी, सैनिक सतीश शर्मा उपस्थित थे।



### जिला जेल में उम्मीद की किरणः कैदियों को मिला मानसिक स्वास्थ्य संबल

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में जिला चिकित्सालय गुना के मानसिक रोग विभाग (मनकक्ष) द्वारा जिला जेल गुना में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आर.एस. भाटी द्वारा जेल में निरुद्ध कैदियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान अवसाद, एंजायटी, साइकोसिस सहित विभिन्न मानसिक रोगों से पीड़ित कैदियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक दवाइयाँ प्रदान की गईं।साथ ही तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की लत से ग्रसित कैदियों को उपचार एवं परामर्श दिया गया। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक कैदियों को NRT (निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी) भी उपलब्ध कराई गई। कैदियों को यह भी समझाया गया कि जेल जैसी परिस्थितियों में रहते हुए वे अपना मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित कैदियों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पंपलेट वितरित किए गए।

### विकासखंड राघौगढ़ में खेलो एमपी यूथ गेम्स की चयन स्पर्धा का हुआ आयोजन

गुना । खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत विकासखंड राघौगढ में चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का शुभारंभ सुरेश चंद आर्य, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय राघौगढ द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सुरेश चंद आर्य द्वारा खिलाड़ियों को पढाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने हेतु कहा गया तथा इस चयन प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला, संभाग एंव राज्य स्तर पर अपना एवं अपने जिले का नाम रोशन करने हेतु अपनी शुभकामनाऐं दी गई। इस अवसर पर दुर्गेश चंद सक्सैना, प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, अरविन्द साहू ब्लॉक क्रीडा प्रभारी राघौगढ, ललित वास्त्री अंतरराष्ट्रीय खिलाडी एवं शिवराज सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

# श्री सीताराम नाम लेखन जप महायज्ञ 22 फरवरी से

## 501 करोड़ नाम लेखन का संकल्प हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में आगामी 22 फरवरी से भव्य श्री सीताराम नाम लेखन, जप एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के प्रथम दिवस 501 करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन की परिक्रमा का संकल्प लिया गया है। आयोजन का उद्देश्य जनकल्याण, शांति और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।





इस महायज्ञ के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक, अयोध्या धाम के प्रबंधक श्री कन्हैयादास महाराज होंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री प्रेमनारायण दास (पागल बाबा), महंत चित्रकूट उपस्थित रहेंगे।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मेंसंत श्री सीताराम दास जी (महंत), चिंताहरण मंदिर, कैंट,संत श्री सियाराम दास जी (महंत), पंचमुखी आश्रम एवं संत श्री राघवेन्द्र दास जी (महंत), लक्ष्मीनारायण मंदिर, भुजरिया तालाब, अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।सीताराम नाम लेखन बैंक के प्रबंधक रणवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ फाल्गुन सुदी 5, रविवार 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे भव्य शोभायात्रा से होगा। शोभायात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर, कैंट से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड, जगदीश कॉलोनी होते हुए शिक्षा विभाग मंदिर पहुंचेगी, जहां श्री सीताराम नाम लेखन की 108 सामूहिक परिक्रमा संपन्न होगी।इसके पश्चात फाल्गुन सुदी 6, सोमवार 23 फरवरी से 501 करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप का शुभारंभ होगा, जो फाल्गुन सुदी 11, शुक्रवार 27 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से पूजन, हवन, परिक्रमा एवं संकीर्तन किया जाएगा।

27 फरवरी , शुक्रवार को आयोजन का समापन सीताराम नाम लेखकों के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण, पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण एवं भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा।आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस कल्याणकारी धार्मिक श्री सीताराम नाम लेखन जप महोत्सव में सपरिवार सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## 15 लाख नकद,7 लाख का जेवरात सहित मिला था 25 लाख का दहेज

# दहेज में कार मांगने वाले आरक्षक पति को सुनाया 2 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दहेज प्रताड़ना के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरक्षक पति को दोषी करार दिया है। अदालत ने अभियुक्त आरक्षक को दहेज में कार मांगने एवं पत्नी को प्रताड़ित करने के अपराध में 2 वर्ष का कारावास तथा 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



### अभियोजन का मामला

अभियोजन के अनुसार फरियादी का विवाह अभियुक्त अमित रघुवंशी से 18 फरवरी 2022 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार लुकवासा, जिला शिवपुरी में संपन्न हुआ था। विवाह के समय फरियादी के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार करीब 25 लाख रुपये का दहेज दिया, जिसमें लगभग 7 लाख रुपये का सोना-जेवरात एवं 15 लाख रुपये नगद शामिल थे। शादी के लगभग एक माह तक फरियादी को ससुराल में ठीक से रखा गया। इसके बाद वह पगफेरे के लिए मायके गई। गणगौर पूजा पर जब वह पुनः ससुराल लौटी तो अभियुक्त पति अमित रघुवंशी ने यह कहकर प्रताड़ित करना शुरू किया कि दहेज में कार नहीं दी गई। फरियादी द्वारा असमर्थता जताने पर उसकी सास राजकुमारी, ससुर रामवीर एवं पति अमित ने उसे भला-बुरा कहना शुरू कर दिया।

### अवैध संबंधों का भी आरोप

फरियादी को बाद में यह भी जानकारी मिली कि उसके पति के अन्य महिला से अवैध संबंध हैं और उससे उसकी एक बेटी भी है। जब फरियादी ने इस विषय में अपने पति से सवाल किया तो उसने स्पष्ट रूप से कहा कि उसने पैसों के लिए शादी की है और वह उस महिला को कभी नहीं छोड़ेगा। इस पूरी घटना की जानकारी फरियादी ने अपनी माता कमलेश रघुवंशी को दी।

### दहेज की मांग पर बढ़ा विवाद

इसके बाद फरियादी के पिता एवं भाई जब उसे लेने ससुराल पहुंचे तो वहां कार न देने को लेकर विवाद किया गया। कुछ समय बाद दिवाली पर ससुराल पक्ष फरियादी को वापस ले गया, लेकिन पांच दिन बाद ही पुनः कार की मांग करते हुए कहा गया कि जब तक कार नहीं लाई जाएगी, उसे ससुराल में नहीं रखा जाएगा। इस प्रताड़ना से तंग आकर फरियादी अपने मायके में रहने लगी। अंततः अभियुक्त रामवीर (ससुर) स्वयं फरियादी के मायके पहुंचा और स्पष्ट कहा कि कार दिए बिना फरियादी को ससुराल नहीं रखा जाएगा।

### न्यायालय का निर्णय

मामले में थाना कैंट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई तथा संपूर्ण जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय ने अभियुक्त आरक्षक पति को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से एडीपीओ सपना गुप्ता ने प्रभावी पैरवी की।

### नजीर पेश करता फैसला

न्यायपालिका का यह निर्णय खाकी की गरिमा को तार-तार करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एक सख्त और प्रेरणादायक नजीर के रूप में देखा जा रहा है, जिससे समाज में दहेज जैसी कुप्रथा के विरुद्ध स्पष्ट संदेश गया है।

## खाद्य विभाग के दल ने मेसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत आम जनता को सही गुणवत्तापूर्ण व सही मात्रा में डीजल, पेट्रोल मिलने की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, इंदू शर्मा एवं आशीष चतुर्वेदी के साथ मेसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप फतेहगढ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पंप के मैनेजर रितिक नागर उपस्थित मिले उनके समक्ष जांच की गई। पंप में उपलब्ध डीजल एवं पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच कर डीजल, पेट्रोल के स्टॉक के साथ डेसिंटी का मिलान किया गया। पंप पर उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच करने पर स्टॉक रजिस्टर में डीजल एवं पेट्रोल की मीटर रीडिंग दर्ज नहीं पाये गये एवं 5 लीटर का प्रमाणिक माप लीकेज होना पाया गया। अनियमिततायें मिलने पर मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय तथा वितरण विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2015 की कंडिका 7(घ) एवं 09 का उल्लंघन होना पाया गया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। प्रकरण आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत किया गया है। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।




## जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन पर लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी हैं।इसी क्रम में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज अमले द्वारा गुना में ऊमरी क्षेत्र का भ्रमण के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर चेसिस क्र मां क QATD45405000812 से बिना अनुमति के एमसैंड का अवैध भण्डारण/ विक्रय करते पाये जाने एवं एक डंपर क्रमांक MP40GA0348 द्वारा खनिज गिट्टी का ईटीपी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन करते पाए जाने से दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ऊमरी चौकी में खड़े कराकर अभिरक्षा में प्रदान किए गए। इन वाहन मालिकों के खिलाफ खनिज, परिवहन व भण्डारण नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। उक्त कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव, सैनिक राजीव रघुवंशी, सैनिक हाकिम सिंह रघुवंशी एवं सैनिक रघुनंदन रघुवंशी, सैनिक सतीश शर्मा की कार्रवाई में बहुत सराहनीय भूमिका रही है।



## आत्महत्या के लिए उकसाने वालों पर कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण जनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन के देहरी कला में विगत दिनों हुई नाबालिग द्वारा आत्महत्या करने ओर उसके उकसाने बालों पर कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों ने शनिवार को बड़ी तादाद में एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई करने की मांग की है ।साथ ही बताया है कि शादीन खान के साथ कई लोग इसमें शामिल हैं जो बहा जुआ रंगदारी करना जमीन मोटरसाइकिल गिरवी रखकर कई मोटा ब्याज बसूला जाता है जिसके वजह से देहरी कला गांव में आतंक और भय का माहौल बना रहता है । इन सभी लोगों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है देहरी कला वीट प्रभारी करन भदौरिया की जांच में संदेह होने पर उसको जांच से हटाकर किसी ओर को जांच सौंपने के लिए भी मांग की गई है । इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।



## विकासखंड गुना में खेलो एमपी यूथ गेम्स की चयन स्पर्धा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत 21 खेलों में आयोजन किया जाना है जिसके अंतर्गत विकासखंड गुना में दिनांक 12 जनवरी को फुटवॉल, हॉकी, वेडमिंटन, योगासन, जूडो, कुश्ती, वेटलिफिटग, तैराकी, मलखंब, टेनिस, टेबिल टेनिस खेलों की, दिनांक 14 जनवरी 2026 को क्रिकेट खेल की तथा आज दिनांक 17 जनवरी 2026 को शेष खेल कबडडी, खो-खो, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, शतरंज, वॉलीवॉल, पिटटू, बास्केटवॉल, रस्साकसी की चयन स्पर्धा का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया गया। खेलो एमपी यूथ गेम्स की विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा दिनांक 13 जनवरी 2026 को आरोन, 14 जनवरी 2026 को बमौरी, दिनांक 15 जनवरी 2026 को चांचौडा एवं 16 जनवरी 2026 को राधौगढ की विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें से चयनित खिलाडी दिनांक 20 जनवरी 2026 को 12 खेलों में तथा दिनांक 21 जनवरी 2026 को 9 खेलो में भाग लेगें। विकासखंड गुना की चयन स्पर्धा में दुर्गेष चंद सक्सैना, प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, शिवराज सिंह भदौरिया, कमल सिंह राजावत, अशफाक खान, मुकुंद शर्मा, प्रवीण खांडेकर, अब्दुल रासिद,राम सिंह, अरविन्द लोधी, उपस्थित रहे।

## भोजनालय में आग, सूझबूझ से बाहर निकाले गए गैस सिलेंडर

# एबी रोड स्थित कॉम्प्लेक्स में लगी आग, स्थिति संभालने से टली घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के व्यस्ततम एबी रोड क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुराने एसबीआई भवन के सामने बने एक कॉम्प्लेक्स से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही पलों में धुएं के साथ आग की लपटें भी नजर आने लगीं, जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

आग कॉम्प्लेक्स की निचली मंजिल पर संचालित भोजनालय में लगी थी, लेकिन समय रहते स्थिति संभाल ली गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।जानकारी के अनुसार, निचली मंजिल पर स्थित भोजनालय में रोज की तरह सुबह भोजन बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान करीब साढ़े दस बजे कॉम्प्लेक्स के साइड वाले हिस्से से धुआं उठता दिखा। देखते ही देखते वहां रखे सामान में आग फैलने लगी और बिजली के तार भी जल गए। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भोजनालय संचालक ने सबसे पहले रसोई में रखे गैस सिलेंडरों को बाहर निकलवाकर सुरक्षित स्थान पर रखवाया, जिससे बड़ा खतरा टल गया।




जांच के दौरान सामने आया कि आग रसोई के पास लगी चिमनी से शुरू हुई थी। बताया गया कि ऊपर से गुजर रही केबल में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी चपेट में पास में लगा विद्युत मीटर भी आ गया। चिमनी के गिरने से नीचे रखा सामान भी जलने लगा।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था। इस घटना में चिमनी, विद्युत मीटर और कुछ अन्य सामग्री जल गई। प्रारंभिक आकलन में करीब 50 हजार रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा नुकसान कहीं अधिक हो सकता था।

## खबर संक्षेप

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम भटौली में नदी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए धर्मेन्द्रअहिरवार, अजय यादव,रामकुमार राय, कल्लू लोधी, सुखचन्द्र लोधी, मारन लोधी, कमरजीत यादव, अरबिंद लोधी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 9 हजार 300 रूपए के साथ 3 मोटर साईकिलें बरामद की हैं।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत राजपुर निवासी रूकसार बानों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर सरफराज खान, साबिर खान, गुलाबों वानों,तराना वानों, अफसर खान ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया गया। जिस पर से पुलस ने मामला दर्ज किया है।

### दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले अलग अलग दर्ज किए गए हैं। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम ततारपुर निवासी इस्तयाक खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमके 3181 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही सेच लाकर फरियादी के भाई यासिर खान में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्रात रतवास निवासी बबलू कोरी ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि ग्राम देसाईखेडा के मोड़ पर ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 67 ए 9959 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके भाई हरनाम कोरी में टक्कर मार दी जिसे उसे चोटें आई हैं।

### मकर सक्रांति पर गरीबों को कबंल वितिरित किए

**अशोकनगर।** सर्वोदय जल सेवा सामाजिक समिति अशोकनगर द्वारा मकर सक्रांति के मौके पर दान पर्व के चलते गरीबों को कंबल वितिरत किए गए। स्थानीय दुवे कॉलानी स्थित हनुमान मंदिर पर गरीबों को पहले निःशुल्क भोजन कराया गया। इस मौके पर 15 महिलाओं और 50 पुरूषों को कबंल वितिरत किए गए जो दीन-हीन, वृद्धजन, दिव्यांग आदि थे उन्हें यह सामग्री प्रदान की गई। इस मौके पर अरूण दुवे, दिलीप नायक, अमोल सिंह पंथ, अमरसिंह रघुवंशी, नीरज रघुवंशी, राजकुमार शिक्षक, उमेश दुवे,रोशन कोहली, अरूण गुप्ता आदि शामिल थे। समिति की ओर से अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी, सचिव अरूण गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जैन पत्रकार, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संगठन सचिव माणिकचंद जैन आदि शामिल रहे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी विश्ववीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेन्द्र, सुखचैन, अजय, रितिक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विश्ववीर और संदीप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसारी निवासी नीरज कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबीराजा और बकील वुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी धनियांबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शीतल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरियादेवत निवासी मानक जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से लक्ष्मण जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मानक जाटव ने कुल्हाडी से हमला कर मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी रोहित अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### राजा शिशुपाल ने चंदेरी को बनाई थी अपनी राजधानी

# चंदेरी है पौराणिक व महाभारत कालीन नगरी, पवित्र नगर बनाने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर बसी चन्देरी पौराणिक और महाभारत कालीन नगरी है। यही वह स्थान है जिसे राजा शिशुपाल ने अपनी राजधानी बनाया था। यहां हिन्दू और जैन शिल्प के अनेक उल्लेखित स्थान हैं जो इस नगरी को ऐतिहासिक होने के साथ उसके धार्मिक स्वरूप को जोड़ते हैं। इस नगरी की प्राचीनता और धार्मिकता को देखते हुए इसे पवित्र नगर बनाए जाने की मांग की गई है ताकि चन्देरी की पवित्रता इस नगरी की सौन्दर्यता को और निखार सके।

चंदेरी नगर गहन आध्यात्मिक महत्व रखता है। जिसका इतिहास पुरातन और जो विभिन्न संस्कृतियों को सहज हुए विशिष्ट धार्मिक स्थलों, परंपराओं और अनुष्ठानों का केंद्र है। यहां की वास्तुकला अत्यंत उत्कृष्ट है। चंदेरी नगर में सभी धर्म जाति और संप्रदायों का विशिष्ट स्थान है। चन्देरी के इतिहासकार और शोधकर्ता डॉ. अविनाश सराफ का कहना है कि इस पवित्र पुण्य धरा को पवित्र नगर का दर्जा दिया जाए। यह नगर हिंदू धार्मिक आस्था का केंद्र है। यह धार्मिक पवित्र भूमि पर बसा हुआ है, जिस कारण मां जागेश्वरी देवी ने यहां स्वतः प्रकट होने की इच्छा व्यक्त की थी। जिनकी कृपा से आज मां जागेश्वरी देवी शक्तिपीठ संपूर्ण क्षेत्र में विशिष्ट आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विद्यमान है। चंदेरी का परमेश्वर तालाब जिसके चमत्कारी जल से राजा कीर्तिपाल का कुष्ठ रोग दूर हुआ था। जिस कारण यह पवित्र नगर वर्तमान चंदेरी बसाया गया था। साथ में ऐतिहासिक भाव श्री लक्ष्मण जी मंदिर स्वत अपने वैभव की व्याख्या करता है।

इस नगर में विश्व प्रसिद्ध अद्वितीय दिगंबर जैन चैबीसी मंदिर, पुरातन खंदारगिरी क्षेत्र, प्राचीन पाश्र्वनाथ मंदिर, प्राचीन चंद्रप्रभ मंदिर हाटकापुरा विश्व भर के जैन धर्मावलंबियों के लिए आकर्षक का केंद्र है। चंदेरी में क्षेत्र की सबसे वृहद जामा मस्जिद अपनी ऐतिहासिक विशिष्टता के लिए जानी जाती है तथा मख्दूम शाह विलायत दरगाह और झिंझरयारे पीर आदि मुस्लिम संप्रदाय के विशेष स्थल है। चंदेरी क्षेत्र का एक मात्र प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर जहां विशिष्ट अवसरों पर दर्शनार्थियों व धर्मावलंबियों का तांता लगा रहता है। ऐतिहासिक भव्य नृसिंह मंदिर चंदेरी अपनी भव्यता एवं अनुष्ठानों से नगर में भगवान नृसिंह और प्रहलाद की गाथा को गुंजायमान करता है।

विंध्याचल पर्वत माला की प्राकृतिक गोद में निर्मित भव्य फुहारी जी मंदिर दूर से ही दर्शनार्थियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। सेन समाज का माता हरसिद्धि देवी जी का मंदिर अपनी ऐतिहासिकता के लिए प्रसिद्ध है। अन्य विशिष्ट मंदिर जिनमें ऐतिहासिक श्री रघुनाथ जी मंदिर, श्री बिहारी जी मंदिर, प्राचीन शंकर मंदिर आदि ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिहारे समाज का ऐतिहासिक श्री जुगल किशोर मंदिर हाटकापुरा, कोली समाज का भव्य ऐतिहासिक मुरलीधर मंदिर पसियापुरा, साहू समाज का श्री मदन मोहन मंदिर, माली समाज का श्री विष्णु जी मंदिर, सोनी समाज का श्री राधा कृष्ण मंदिर, साध समाज का श्री बिहारी जी मंदिर, श्रीवास्तव समाज का श्री बालाजी मंदिर, नामदेव समाज का श्री राधा कृष्ण मंदिर, बाढ़ई समाज का श्री लक्ष्मण जी मंदिर तथा विश्वकर्मा समाज का भगवान विश्वकर्मा जी का मंदिर, खंगार समाज का मंदिर, आदि अनेक हिंदू मंदिर नगर में अपने अनुष्ठानों के मित्रों से धर्म की गंगा प्रवाहित करते हैं। 'प्राकृतिक सिद्ध स्थल सकल कुड़ी धाम, मेघासन मंदिर, मालन खोह, पनख्वाह जी, कठौती खोह, कातिया की दांत, हथिनी खोह, पिपर खोह आदि धर्म स्थल अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। इस तरह के कई धार्मिक स्थल हैं।

डॉ. अविनाश सराफ का कहना है कि हम सभी मंदिरों को चंदेरी के पवित्र धाम मानते हैं। सभी को सम्मिलित करते हुए हम चंदेरी को पवित्र नगर बनाने की मांग उन्होंने स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव और स्थानीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी से की है।

# भगवान के निर्वाण कल्याणक पर हुआ महामस्तिष्काभिषेक

### आदिश्वर धाम सुभाष गंज में बड़े बाबा की हुई महा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का निर्वाणकल्याणक आदिश्वर धाम सुभाष गंज में भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर भगवान का महामस्तिष्काभिषेक और शांतिधारा का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुनिश्री के मंगल प्रवचन हुए।



भगवान के निर्वाणकल्याणक पर भगवान का प्रथम अभिषेक धर्मेन्द्र कुमार रोकड़यिा, सुचित कासल, रिंकेश कासल, भुपेंद्र जैन, अमन फर्नीचर, राजा करैया, महावीर जैन, यश तारई, राजकुमार कांसल ने किया। इस दौरान भगवान श्री आदिनाथ स्वामी को निर्वाणकल्याणक पर भक्ति भाव के साथ प्रभु की जय जय कार करते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया गया जिसका सौभाग्य संजीव कुमार अंजू श्रंगार, अनीता पिपरई सहित अन्य भक्तों के साथ लाडू समर्पित किया गया। इस दौरान भगवान की महा आराधना श्री भक्तामर महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंडल पर कलश स्थापना संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, रीना विजय धुर्रा दारा स्थान किया गया। इसके साथ ही मंडल पर शान्ति कलश के साथ दीप प्रज्जवलन तहसीलदार अनुराग जैन, जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा द्वारा किया गया। इस दौरान भक्ति भाव से मंडल पर श्री फल के साथ अर्घ चढ़ाए गये।

इस अवसर मुनिश्री मेघदत्त सागर जी के श्री मुख से शांतिधारा का आयोजन हुआ। मुनि श्री ने भगवान आदिनाथ स्वामी के बारे में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिनाथ भगवान ने इस दुनिया की व्यवस्था को बनाया। उन्होने असिमसि कृषि का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़े बाबा का अभिषेक किया। जिले भर में भगवान आदिनाथ स्वामी का निर्वाणकल्याणक मनाया गया। अतिशय क्षेत्र थूवोनजी के बड़े बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से अभिषेक किया, शांतिधारा की और भक्तांवर पाठ किया।



### आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

# ग्राम बक्सनपुर में हिंदु सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

सकल हिंदु समाज के तत्वावधान में शनिवार को मंडल केंद्र कुकरेठा के अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर में भव्य हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंडल केंद्र से जुड़े आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बहनें, युवा एवं नागरिकों ने सहभागिता की। गांव में भगवा ध्वजों से सजे मार्गों और जयघोष के बीच सम्मेलन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर मंच पर भरकेश्वर धाम आश्रम के महंत मदन मोहन दास त्यागी, सम्मेलन के संयोजक भगवत सिंह यादव, मूडराकला से लोटू कोरी, मातृशक्ति की ओर से समाजसेवी मीना रजक तथा मातृशक्ति वक्ता एवं कथावाचक किशोरी कृष्णिका पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया।

मातृशक्ति वक्ता किशोरी कृष्णिका पाठक ने अपने प्रेरक उद्बोधन में "पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वदेशी, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर मातृशक्ति को जागरूक करते हुए कहा कि परिवार और समाज की दिशा तय करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने माताओं-बहनों से इन परिवर्तनों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कृपाण सिंह ने भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य बताते हुए कहा कि संघ समाज में एकता, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए संगठित प्रयास करने का संदेश दिया।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने की नारी सम्मान के खिलाफ फूल सिंह बरैया के बयान की निंदा

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने शनिवार को बयान जारी कर इंदौर में राहुल गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं की सुंदरता को लेकर दिए गये घोर आपत्तिजनक बयान की निंदा की है। भाजपा जिला अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी के साथ मंच पर जिस तरह से विधायक बरैया ने बयान दिया। वह महिलाओं के प्रति कांग्रेस की सोच और मानसिकता को उजागर करता है। राहुल गांधी के सामने मंच पर इस तरह का बयान यह उनकी सहमति, स्वीकारोक्ति है। अब स्पष्ट है कि महिलाओं और एससी-एसटी समाज के प्रति दूषित,विकृत और कुंठित मानसिकता सिर्फ़ बरैया की नहीं, बल्कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पूरी कांग्रेस की सोच है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान से अगर आपत्ति होती, तो मंच साझा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विशेष कर सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी को शर्म आनी चाहिए,जो महिला सम्मान की बातें तो करती हैं,लेकिन अपनी ही पार्टी की अपराधी मानसिकता पर चुप हैं। यह चुप्पी अब मौन नहीं,समर्थन है। नारी देवी है,राजनीतिक औजार नहीं। अपमान बर्दाशत नहीं, धिक्कार है ऐसी कांग्रेस पर। तिवारी ने बताया कि फूल सिंह बरैया ने कहा था कि जो सुंदर महिलाएं होती हैं, उनकी सुंदरता समाज में बलात्कार का कारण बनती है वास्तव में अगर हम सोचे तो, इस तरह की पाश्विक, पशुओं की तरह सोच, इस व्यक्ति की है, मैं इस टिप्पणी की घोर भत्र्सना और निंदा करता हूं।



# चमत्कारिक गौतम स्वामी महापूजन में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

### रिद्धि-सिद्धि की हुई कामना, 3 दिवसीय समारोह का समापन

**अशोकनगर।** सुराणा चैराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय ध्वजा महोत्सव का समापन शनिवार को भव्यता के साथ हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन जहाँ श्री गौतम स्वामी महापूजन छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि प.पू. मनोहर श्री जी मा.सा. की विदुषी सुशिष्याएं माँ सरस्वती आराधिका प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री अमीवर्षा श्री म.सा., प.पू. साध्वी श्री भव्योदया श्री जी म.सा. प.पू. साध्वी श्री गुणोदया श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी म.सा. एवं धर्मघोष जी महाराज साहब के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की गई।

श्री गौतम स्वामी भगवान, वर्तमान शासन नायक 24वें तीर्थंकर परमात्मा महावीर स्वामी के प्रथम गणधर हैं। जैन धर्म में उन्हें लब्धि निधान (चमत्कारिक शक्तियों का भंडार) के स्वामी के रूप में पूजा जाता है। वे अपार ज्ञान, चरम विनम्रता और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। मान्यता है कि जिस घर में गौतम स्वामी का स्मरण और पूजन होता है, वहां अक्षय भंडार (कभी न खत्म होने वाला धन-धान्य) भरा रहता है। उनकी आराधना से जीवन में आने वाले विघ्न दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि व शांति का वास होता है, इसीलिए मांगलिक कार्यों के दौरान श्री गौतम स्वामी महापूजन का विशेष महत्व है। शनिवार दोपहर 12:39 बजे विजय मुहूर्त में श्री गौतम स्वामी महापूजन का आयोजन किया गया। विधिकारक गौरव जैन के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने अष्ट प्रकार की पूजा और गौतम स्वामी नो रास का पाठ किया। इस महापूजन का लाभ प्रदीप कुमार, विनय कुमार सुराना परिवार ने लिया। पूजन के पश्चात गौतम प्रसादी का वितरण हुआ।



#### लक्षित जैन के सुरों ने बांधा समां

इससे पूर्व, महोत्सव की पूर्व संध्या (शुक्रवार रात) पर आयोजित भक्ति संध्या यादगार बन गई। राजस्थान के चैमहला से आए सुप्रसिद्ध संगीतकार लक्षित जैन ने भगवान आदिनाथ एवं बासुपूज्य स्वामी के भजन गाए। भजनों की धुन पर युवा और महिलाएं देर रात तक प्रभु भक्ति में नृत्य करते रहे। भक्ति का यह दौर देर रात तक अनवरत चलता रहा। तप की अनुमोदना गत वर्षांत में शत्रुंजय (पालीताणा) तीर्थ पर छठ यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें नगर श्राविकाओं द्वारा भाग लेकर तपस्या की गई। इस अवसर पर छठ यात्रा की कठिन तपस्या पूर्ण करने वाले तपस्वियों दीपिका आवड़, रुचि कोठारी, अग्रिमा आवड़, द्युति (नीर) कोठारी का सकल श्रीसंघ द्वारा बहुमान किया गया।

#### सुराना परिवार परिवार फहराएगा अगली ध्वजा

महोत्सव का सबसे रोमांचक पल वह रहा जब आगामी 15वें पाटोत्सव (वर्ष 2027) के लिए ध्वजा लाभार्थी के नाम की घोषणा की गई। गौरतलब है कि शुक्रवार रात को आगामी ध्वज के लाभार्थी के लिए बोली लगाई गई। लिए प्रदीप सुराना विनय सुराणा चयन सुराणा व सुराना परिवार ने आगामी ध्वजा की बोली का लाभ लिया। लाभार्थी परिवार के नाम की घोषणा हुई, पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा।

# जंगली क्षेत्र में इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वन परिक्षेत्र अशोकनगर के अंतर्गत सब रेंज ईसागढ़ द्वारा नसीहर घाटी के जंगल क्षेत्र में म प्र शासन वन विभाग के अंतर्गत म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा संचालित अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ईसागढ़ एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को वन भ्रमण करवाया गया एवं वनों से होने वाले लाभ,वनोत्पाद, वन्यजीव, विभाग एवं उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा वन एवं पर्यावरण का संरक्षण क्यों आवश्यक है यह वास्तविक अनुभव उन्हें कराया गया। उससे संबंधित प्रतियोगिता करा कर छात्र छात्राओं से उनके कार्यक्रम के अनुभव जाने गए एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया, उक्त कार्यक्रम में शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में शिवेंद्र सिंह यादव नगर परिषद ईसागढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी आकाश साहू,डिप्टी रेंजर सचिन शर्मा, देवेन्द्र टीटोरिया, जितेंद्र रघुवंशी, विनोद कलावत वनरक्षक अरविंद सिंह यादव, प्रवीण कुमार जैन, दीपेंद्र रघुवंशी, संतोष रसेनिया, अरविंद रघुवंशी, लखन रघुवंशी, ग्राम वन समिति के सदस्य, सुरक्षा श्रमिक एवं विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ संकल्प तथा वन एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर कार्यक्रम के मूल उद्देश्य को दोहराया।

### कई प्रतिभागियों ने लिया भाग

# खेलो एमपी यूथ गेम्स का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स 2025 खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। जिला अशोकनगर में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन आदित्य सिंह कलेक्टर महोदय एवं राजीव कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ रविवार को संजय स्टेडियम में शुरु हुआ। विभिन्न खेलों में यह प्रतियोगिताएं दिनांक 17.01.2026 से शुरू होकर 19.01.2026 तक कराई जावेगी।



आज शुरू हुई खेलो एमपी यूथ गेम्स खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष, जजपाल सिंह पूर्व विधायक , संजीव भारिल सांसद प्रतिनिधि, मनोज शर्मा, सनत शर्मा, सचिन चैधरी आदि जनप्रतिनिधियों एवं डीएन सिंह अपर कलेक्टर अशोकनगर, गजेंद्र सिंह कंवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला अशोकनगर के विभिन्न खेल संघों के पद पद अधिकारियों आदि की गरिमामई उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। समस्त अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए अपने-अपने आशीर्वचन दिए और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के बारे में खिलाड़ियों को विस्तार से जानकारी दी। और बताया कि यह आयोजन प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर हुए जिसमें चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ एवं जिला स्तर से चुने हुए खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय आयोजन में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। कुल 7 खेलों के प्रतिभागी सीधे राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे। राज्य स्तर पर विजयी टीमों एवं खिलाड़ियों को शासन द्वारा नगद पुरस्कृत किया जाएगा। इन खेलों का आयोजन युवाओं को अधिक से अधिक खेल से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। आज कबड्डी ,खो-खो ,सितोलिया एवं शतरंज आदि खेलों के आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में कराए गए। इसमें चुने गए खिलाड़ी संभाग स्तर पर प्रतियोगिता करेंगे। शुभारंभ अवसर पर मंच संचालन प्रहलाद श्रीवास्तव ने किया। ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शशिकांत भार्गव, के. के. चतुर्वेदी, मनोज राठौर, अशोक ओझा ,आदित्य शर्मा, सतीश चैरसिया, जावेद खान मुंगावली, राजकुमार रघुवंशी, महेंद्र यादव, दिलीप आदि रहे मौजूद।

### खेतों में पहुंचकर जानी कैसी होती है प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली

# छत्तीसगढ़ के 58 सदस्यीय दल ने समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

## सिंचाई परियोजनाओं के सभी पहलुओं को जानने 2 दिवसीय दौरे पर आया है दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा, कुंडालिया प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली की तरफ भारत के अन्य राज्य भी आकर्षित हो रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य से आए 58 सदस्यीय तकनकी दल व कृषकों ने शनिवार को खेतों में ही पहुंचकर इस सिंचाई प्रणाली को विस्तार से जाना एवं समझा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय ने एक दिन पहले ही इस दल को रवाना ilलपसार कया था। इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री सहाय ने स्वयं प्रेशराइज्ड एरिगेशन सिस्टम का प्रजेंटेशन सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में समझा था। छत्तीगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सिंचाई प्रणाली को शुरू करने इस दल को भेजा गया है। दल शामिल सदस्यों को मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, शुभंकर विश्वास ने बारीकी से हर नवाचार से अवगत कराया। इस दल में छत्तीसगढ़ के जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, अधीक्षण यंत्री आलोक अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

### जशपुरा, अंबिकापुरा, कोरबा जिले के किसान सम्मिलित

छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, अंबिकापुर और कोरबा सहित आसपास के अन्य जिलों से आए किसानों और अधिकारियों ने विश्व की इस सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड सिंचाई को बारीकी से समझा। परियोजना के अधिकारीगणों ने किसानों के बीच परियोजना डिटेल साझा की। राजगढ़ जिले की पथरीली जमीन पर सिंचाई होते देख कृषक आश्चर्यचकित रह गए।

### पंप हाउस के तकनीकी पहलुओं को समझा

प्रथम दिवस इस दल ने लगदरिया पंप हाउस, आरबीसी पंप हाऊस से पानी लिफ्ट होता देख किसानों से भी चर्चा की। दल ने पंप हाऊसों के हर तकनीकी पहलू को समझा एवं माचलपुर व अन्य गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की।

### आज कुंडालिया परियोजना का करेंगे भ्रमण

दल में शामिल अधिकारी एवं कृषकगण रविवार को कुंडालिया परियोजना का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वहां किसानों से चर्चा कर फसल लेने के तरीके को भी जानेंगे। इसके साथ ही आपस में पानी का कैसे उपयोग करते हैं, इसको लेकर भी चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व की सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड परियोजना मोहनपुरा, कुंडालिया को देखने के साथ ही ऐसी ही प्रतिकृति छत्तीसगढ़ में भी बनाई जा रही है। वहां इसका नाम बगिया रखा गया है। बगिया परियोजना से दाबयुक्त सिंचाई प्रणाली से 13 गांव सिंचित होंगे वहीं मोहनपुरा, कुंडालिया की तरह बांध से सीधे खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा।

### जिला कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से किया प्रदर्शन

# मौन धरना देकर इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इंदौर नगर में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मृत्यु मामले को लेकर जिला कांग्रेस ने इंदौर नगर निगम को भंग करने की मांग रखी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को इंका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सम्मुख गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम एवं स्वरूप में किए गए परिवर्तन को लेकर भी इंकाजनों ने एक अन्य ज्ञापन सौंपा है। इंदौर दूषित पानी के संबंध में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि नगरीय प्रशासन मंत्री इंदौर से हैं। इंदौर महापौर, सांसद, विधायक सभी भारतीय जनता पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में इंदौर में डबल नहीं बल्कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद को दूषित और जानलेवा पेयजल उपलब्ध करवाना सीधे-सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की ओर ईशारा कर रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग रखी कि दूषित पानी से जुड़े इस पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाई जाकर दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के दौरान इंकाईयों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर कौंसा।

### महावीर आश्रम बड़ा बाग से मोटरसाइकिल चोरी

**सुठालिया।** शनिवार को स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग के गेट से दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे विक्रम पिता बलदेव सिंह कुशवाह उम्र 40 वर्ष वार्ड नं 15 परलापुरा निवासी अपनी पत्नी के साथ मंदिर के बहार मोटरसाइकिल खड़ी करके मंदिर में दर्शन करने गया था।20 मिनट पश्चात जब वो दर्शन करके बहार आया तो उसे अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर नहीं मिली। आसपास ढूंढने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## ग्रामीण बैंक ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संस्था के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था की छात्राओं ने चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में कुमारी चेतना लववंशी, कुमारी पूर्वा जोशी, कुमारी जय पुष्पद, अनघ जोशी एवं कुमारी दिव्या शर्मा का चयन हुआ। सभी विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। चयनित प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक कल्पित खंडेलवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ सदस्य सुदामा कुंभकार, केशव प्रजापति, शिवानी मीणा, सतीश पुष्पद सहित संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से संस्था के प्रबंधक रमेशचंद्र जोशी, संस्था प्राचार्या सुमन जोशी, डॉ. दिव्या जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहन मिला।

## भागवत कथा शुरू नगर में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** नगर के कुशवाह मोहल्ला स्थित श्री राम मंदिर पर श्री मद् भागवत कथा की शुरुआत के पूर्व नगर में भागवत शोभायात्रा निकाली गई। भागवत कथा के आयोजक कुशवाह समाज जीरापुर द्वारा भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमें महिलाएं कलश धारण कर भगवान के भजनों का गुणगान करते चल रही थी।भागवत कथाकार पंडित कमल बिहारी नागर के मुखारविंद से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11बजे तक संगीतमय कथा श्रवण करवाई जावेगी। 22 जनवरी 26 को विश्राम होगा। नगर में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।


## हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक आयोजित, गो रक्षा समिति का भी गठन किया



**कुरावर।** हिंदू युवा वाहिनी की विभाग स्तरीय बैठक कुरावर नगर मार्केट सोसायटी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में विभाग प्रभारी रामबाबू मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में महा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं को राजगढ़ जिले और सीहोर जिले के सभी विभाग और जिला के पद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बढ-चढकर भाग लेने का आह्वान किया गया।

बैठक में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को सनातनी हिंदू धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने अपने क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी संगठन की इकाइयों के माध्यम से समाज को संगठित करने का आह्वान किया गया। बैठक में गो रक्षा समिति का भी गठन किया गया, जिसका उद्देश्य गौ माता की रक्षा करना है। बैठक में जिला संयोजक राजेंद्र सिंह ऊमठ, जिला महामंत्री राजेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री हेमंत सिंह मीणा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ग्राम पीलू खेड़ी, मोइली कला, बिलहरी, कोठरी कला के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन नंद किशोर जायसवाल ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू ने किया।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़



**माचलपुर।** नगर के समीपवर्ती गांव पिपल्या कुल्मी वा उसके आसपास के गांव वासी अपनी स्वास्थ सेवाओं के लिए पिपल्या कुल्मी के स्वास्थ केंद्र पर निर्भर रहते पर यहां के स्वास्थ केंद्र में समय से डाक्टर ना मिल पाने से वह गांव के झोला छाप डाक्टर पर भरोसा कर उनसे ईलाज करवाते हैं। इन डाक्टर के पास ना तो कोई वेध डिग्री ना कोई डिप्लोमा है पर फिर यह बेखौफ होकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर पैसा कमाते रहते हैं। अब देखना है इन डाक्टर महोदय पर जिम्मेदार क्या कार्यवाही करते हैं। इस बारे पिपल्या में डाक्टरी कर लोगो का ईलाज कर रहे सुरेश शर्मा से जब उनकी डिग्री के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा की एलोपैथी होम्योपैथी और आयुर्वेद तीनो से ईलाज करता हु जब इस बारे में ब्लाक चिकित्सा अधिकारी से बात की तो उनका गैर जिम्मेदाराना बयान सामने आया अब देखना है की क्या इस तरह के झोला छाप लोगो की जान से खिलवाड़ करते रहेंगे या कुछ कार्यवाही होगी।

### इनका क्या कहना है

पता नहीं उनके पास कौन सी डिग्री है। कभी उधर जाएंगे तो देखेंगे।

सुनील चौरसिया, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी जीरापुर

## शिक्षक हुए सम्मानित नगर का गौरव बढ़ा



**खुजनेर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए धार के खेल प्राधिकरण में जनजाति कार्य विभाग एवं सक्षम द्वारा आयोजित कार्यशाला में रवि यादव को महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) सावित्री ठाकुर सहायक संचालक आनंद पाठक जनजातीय कार्य विभाग भोपाल( म. प्र.शासन), सहायक आयुक्त नरोत्तम वरकडे जनजाति कार्य विभाग धार के द्वारा सम्मानित किया गया केंदीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सम्मानित शिक्षको को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षक के द्वारा जनजाति क्षेत्र के विद्यालय में नवाचार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए आगे भी इस ही तरह उत्कृष्ट कार्य करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक पहल हमेशा जारी रखने को कहा रवि यादव धार जिले के ब्लॉक धरमपुरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय उमरिया में पदस्थ है सम्मानित होने पर परिवार एवं मित्रों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# यात्रा में सम्मिलित होने घर घर दिया जा रहा न्योता

## 84 हनुमान दर्शन व मां जालपा पर्वत परिक्रमा यात्रा



**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी दिनों में राजगढ़ नगर एवं आसपास क्षेत्र स्थित 84 हनुमान मंदिरों एवं देवीय शक्तिपीठ मां जालपा पर्वत परिक्रमा का आयोजन किया जाना वाला है। क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रही अपनी तरह की इस यात्रा में सम्मिलित होने आयोजकों द्वारा नगर के प्रत्येक घर में आमंत्रण-पत्र वितरित करते हुए न्यौता दिया जा रहा है।

यात्रा संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि 24 से 29 जनवरी तक नगर स्थित विभिन्न 84 हनुमान मंदिरों की यात्रा श्रृद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही अंतिम दिवस 30 जनवरी को मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का कार्यक्रम रखा गया है। प्रथम दिवस गणेशजी की छत्री स्थित हनुमान मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। इस तरह प्रतिदिन 12 से 13 हनुमान मंदिरों की यात्रा करते हुए कुल 84 हनुमान मंदिरों के दर्शन किए जाएंगे। इस यात्रा के लिए नगर के सेवाभावी युवकों, समाजसेवियों सहित अन्य द्वारा बीते कई दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## भागवत कथा शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** श्री बागवाला हनुमान मंडल एवं महिला मंडल के तत्वाधान में श्री मद् भागवत कथा का आयोजन बागवाले हनुमान मंदिर गोपचौहानजी परिसर में शुरू हुआ। भागवत कथा की शोभायात्रा नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर रामलीला चोक से धूम-धाम से शुरू हुई जिसमें महिलाएं मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं राम कृष्ण की झांकियां सजाई गई जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी। महिलाएं एवं युवा वर्ग ईश्वर के भजनों में झुमते नृत्य करते चल रहे थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। प्रतिदिन भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक पं. सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रवण करवाईं जावेगी जिसमें प्रथम दिवस पं. सोनू शर्मा ने भागवत कथा के श्रवण करने से मनुष्य को कष्टों से छुटकारा मिलता है भागवत कथा कि महिमा प्रतिपादित कर शुरुआत के प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया। जहां पर बडी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

## भारतीय किसान संघ तिसई ने भारत माता पूजन का आयोजन किया



**सारंगपुर।** भारतीय किसान संघ ग्राम समिति तिसई द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम तिसई में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया तथा राष्ट्रभक्ति के जयघोष लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों, किसानों की समस्याओं तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कृषक किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील मंत्री बद्रीलाल पाल, देव सिंह पाल, पहलाद सिंह, सरपंच रमेश चंद्र भिलाला, राधेश्याम पाल, कनवर लाल यादव, दीपक पाल, धारा सिंह पाल,धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पाल एवं भंवरलाल पाल सहित बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान संघ सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता आया है और आगे भी संगठन किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएगा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में हिंदू सम्मेलन, तैयारियां अंतिम चरण में



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर नगर में कृषि उपज मंडी परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

इस हिन्दू सम्मेलन को महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा पूरी महाराज (वर्षा दीदी), श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। उनके प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन के पश्चात समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर सहभागिता करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। वहीं पूरे नगर को भगवा पताकाओं, बैनर एवं पोस्टरों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं उत्सवमय बन गया है। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों में भी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिकों द्वारा आह्वान किया गया है कि सम्मेलन के दिन पूरा नगर बंद रहेगा, तथा सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखकर हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा। सारंगपुर नगर में होने वाला यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को दिए तल्ख निर्देश

# राजस्व मामलों की पेंडेंसी पर सख्त नजर आए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा शनिवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों में पेंडेंसी नजर आने पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को तल्ख निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रिकॉर्ड दुरुस्ती को गंभीरता से लेने तथा जारी किए जाने वाले सभी आदेशों में पूर्ण स्पष्टता रखने के निर्देश दिए।

नामांतरण प्रकरणों में कुछ तहसीलदारों के निम्न प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 80 प्रतिशत से कम डिस्पोजल स्वीकार्य नहीं होगा। भूमि आवंटन के मामलों में भूमि आवंटित होते ही संबंधित हितग्राहियों को तत्काल एवं स्पष्ट सूचना देने की बात उन्होंनक कही। वसूली प्रकरणों की समीक्षा के दौरान प्रभावी प्लानिंग के साथ वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। खनन क्षेत्रों की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यदि स्वीकृत लीज क्षेत्र से अधिक खुदाई की गई है, तो उसे अतिक्रमण मानते हुए संबंधित से अतिक्रमण शुल्क की वसूली की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि नगरीय निकायों में संचालित खातों की जानकारी संकलित कर लाइन लिस्टिंग के माध्यम से भेजें। एसडीएम ब्यावरा को वसूली की ठोस योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।



### हल्कावार मॉनिटरिंग करने दिए निर्देश

किसान रजिस्ट्री में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने असंतोष व्यक्त करते हुए हल्कावार नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में शीघ्र केस बनाकर प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही कितने मामलों का प्रथम प्रकाशन हो चुका है, इसकी स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अधिकार अभिलेखों की समीक्षा के दौरान त्रुटिरहित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।